दिनांकः 03.06.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान को लेकर प्रदेश में व्यापक तैयारियां–पांच जून से शुरू होने वाली इस मुहिम में पानी की बचत और संचयन का संदेश दिया जाएगा।
- कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की अगुवाई में श्रीगंगानगर में अधिकारियों ने बीज भंडारों का निरीक्षण कर भारी मात्रा में नकली और अवधिपार बीज जब्त किये।
- रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने एनसीसी में 3 लाख कैडेट्स जोड़ने की घोषणा की।
- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंट डाउन कार्यक्रम जारी–प्रदेशभर में सामूहिक योगाभ्यास के आयोजन।

............

वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू होने वाले इस अभियान को सफल बनाने के लिए जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के माध्यम से पानी की बचत और संचयन का संदेश दिया जाएगा। राज्य सरकार ने जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार में श्रमदान करने की अपील की है। 15 दिन के इस अभियान में गांवों में जल संरक्षण के लिए जल मित्र बनाए जाएंगे। जैसलमेर में अभियान की तैयारियों को लेकर आज बैठक हुई। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अभियान के दौरान पौधरोपण और स्वच्छता कार्य करवाने के निर्देश दिये। वहीं बालोतरा जिला कलेक्टर ने जल संरक्षण पोस्टर का विमोचन किया। उधर, पाली जिला कलेक्टर ने अभियान से लोगों को जोड़ने के लिए प्रचार गीत जारी किया।

............

देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को फसलों की उन्नत किस्मों और तकनीक के बारे में बताया जा रहा है। इसके साथ ही किसानों को मिट्टी में पोषक तत्वों के महत्व, वर्षा जल संरक्षण और खेती किसानी में किये जा रहे नवाचारों की भी जानकारी दी जा रही है। साथ ही ड्रोन के माध्यम से कीटनाशकों के छिड़काव का सजीव प्रदर्शन भी किया जा रहा है। डीग जिले में अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. प्रियंका जोशी ने बताया कि कृषि और उद्यान संबंधी योजनाओं के अनुदानों के बारे में भी बताया जा रहा है।

प्रतिभागी किसानों ने कहा कि ये सत्र उनके लिए लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं और विशेषज्ञों के माध्यम से उनकी शंकाओं का भी समाधान किया जा रहा है।

............

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की अगुवाई में अधिकारियों ने श्रीगंगानगर में बीज भंडारों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान भारी मात्रा में नकली और अवधिपार बीज जब्त किये गये। मीडिया से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि प्रारंभिक जांच में कई गड़बड़ियां सामने आई हैं। कई बीज भंडार बिना लाइसेंस के चल रहे हैं।

...........

कार्रवाई में कृषि विभाग, स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम शामिल रही। इस दौरान मौके से बीजों के नमूने भी लिये गये, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

............

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के उपलक्ष में प्रदेश में सुरक्षित और पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने की मुहिम आज से शुरू की गई है। पांच दिन के इस अभियान के तहत खाद्य पदार्थों के नमूने लिये जाएंगे। इसी कड़ी में जैसलमेर में अन्नपूर्णा रसोईयों का निरीक्षण किया गया। सीएमएचओ डॉ. राजेन्द्र कुमार पालीवाल ने बताया कि इस दौरान रसोईयों से खाद्य सामग्री के सैंपल लिये गये और इन्हें जांच के लिए जोधपुर भेजा गया है।

............

केंद्र सरकार ने नागौरी पान मेथी को मसाला बोर्ड की सूची में शामिल कर लिया है। इसके जुड़ने से अब सूची में 53 प्रकार के मसाले हो गये हैं। इससे नागौर मेथी का निर्यात बढ़ेगा और उत्पादक किसानों को भी फायदा मिलेगा।

............

राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने जैसलमेर से शकूर खान नाम के व्यक्ति को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में काम कर रहे शकूल खान है। इस पर सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान भेजने का आरोप है। खुफिया विभाग के पुलिस महानिरीक्षक विष्णु कांत गुप्ता ने बताया कि खान की गतिविधियां काफी समय से संदिग्ध पाई जा रही थीं। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से उस पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। ये पाकिस्तान दूतावास में काम करने वालों और आईएसआई एजेंटों से लगातार सम्पर्क में था। पुलिस ने बताया कि वो कई बार पाकिस्तान भी जा चुका है।

............

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के महानिदेशक आर.पी. मीणा ने आज जयपुर में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मुलाकात की। राजभवन में हुई इस भेंट में श्री मीणा ने राज्यपाल को आयोग की गतिविधियों की जानकारी दी।

............

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने देशभर में 3 लाख एनसीसी कैडेट्स जोड़ने की घोषणा की है। उन्होंने आज भोपाल में राष्ट्रीय कैडेट्स कोर के सम्मेलन में ये ऐलान किया। श्री सेठ ने कहा कि इसके लिए कई राज्य पहले ही सहमति दे चुके हैं और प्रशिक्षण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे पर तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण और युवाओं के विकास में एनसीसी की बड़ी भूमिका है। श्री सेठ ने स्वच्छ भारत अभियान, नया सवेरा योजना और नशा मुक्ति अभियान में एनसीसी की भागीदारी की भी सराहना की।

............

आज विश्व साइकिल दिवस है। साइकिल चलाने को व्यायाम का अच्छा तरीका माना जाता है। ये लोगों को स्वस्थ रखने के साथ ही पर्यावरण सुरक्षा में भी सहायक है। इससे प्रदूषण की समस्या का भी समाधान होता है। साइकिल दिवस के अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में **शहरी अड्डा 2025** का उद्घाटन किया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं, विशेषज्ञों और नेताओं को एकजुट कर शहरों में समावेशी भविष्य बनाना है।

इस अवसर पर श्री मांडविया ने कहा कि फिट इंडिया को बढ़ावा देने के लिए **संडे ऑन साइकिल** पहल एक आंदोलन बन गई है। उन्होंने सभी से रोजाना साइकिल चलाने का आग्रह किया।

............

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउंट डॉउन कार्यक्रम प्रदेशभर में जारी हैं। इनके तहत आम लोगों को योग से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में पाली में योग के प्रति अलख जगाई जा रही है। इसके लिए उपखंड स्तर के साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी सामूहिक योगाभ्यास करवाया जा रहा है। उधर, भरतपुर में भी नियमित योगाभ्यास करवाया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से योग से जुड़ने का आह्वान किया जा रहा है। वहीं चूरू में विभिन्न स्थानों पर चल रहे योग शिविरों में लोग उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

............

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसी कड़ी में आज सुनिये जयपुर के योग गुरू अभिषेक सोती का संदेश। इनका कहना है कि योग व्यायाम नहीं, जीवनशैली है।

............

बाड़मेर में आज एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और छह व्यक्ति घायल हो गये। दुर्घटना चौहटन इलाक़े के बूठ राठौड़ान में ट्रक और पिकअप की टक्कर से हुई। इस दौरान एक व्यक्ति की मौक़े पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

............

आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मुकाबला है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स की टीमें खिताब के लिए आमने–सामने होंगी। दोनों टीम अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के लिए मैदान में उतरेंगी। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

............

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज भी कई जगहों पर आंधी–बारिश का सिलसिला जारी है। झालावाड़, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर सहित विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। सूरतगढ़ के राजियासर क्षेत्र में ओले भी गिरे। श्रीगंगानगर में तेज गरज के साथ बारिश हुई और दिन के समय ही अंधेरा छा गया। बारां और जयपुर में दिनभर बादल छाए रहे और रुक–रुक कर रिमझिम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर मध्यम से तेज़ बरसात हुई। झालरापाटन और रामगंजमंडी में सबसे ज्यादा 8–8 सेंटीमीटर पानी बरसा। जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, भरतपुर और कोटा संभाग में कल हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। वहीं उदयपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं तेज अंधड़ के साथ बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ का असर पांच जून तक बना रहेगा। 6 जून से तापमान में 3 से 5 डिग्री बढोतरी के आसार हैं।

............